**आकाशवाणी**
**क्षेत्रीय समाचार एकांश**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**
**रविवार 20.07.2025**
**समय 1830**

**मुख्य समाचार :—**

- संसद का मानसून सत्र कल से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा– संसद के सुचारू संचालन के लिए सरकार और विपक्ष के बीच सहयोग जरूरी।
- राज्य विधानसभा का मानसून सत्र 19 अगस्त से 22 अगस्त तक गैरसैंण के भराड़ीसैंण में आहूत किया जाएगा।
- सावन माह की कांवड़ यात्रा को लेकर शिव भक्तों में उत्साह। कांवड़ियों ने यात्रा व्यवस्था को लेकर सरकार का जताया आभार।
- प्रदेश के देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत व ऊधमसिंह नगर ज़िलों में आज बारिश का ऑरेंज अलर्ट। देहरादून में बादल छाए हुए हैं।

संसद सत्र

सरकार ने कल से शुरु हो रहे संसद के मानसून सत्र के दौरान, संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक की। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदन के नेता शामिल हुए। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बैठक बेहद रचनात्मक रही। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

संसद के मॉनसून सत्र की पूर्व संध्या पर आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग Issues Before Parliament और 'संसद के समक्ष मुद्दे' पर विशेष परिचर्चा प्रसारित करेगा। "Issues Before Parliament कार्यक्रम आकाशवाणी के रेनबो और अतिरिक्त चैनलों पर तथा 'संसद के समक्ष मुद्दे' कार्यक्रम आकाशवाणी के एफएम गोल्ड और अतिरिक्त चैनलों पर आज रात साढे नौ बजे से दस बजे तक सुना जा सकता है। यह कार्यक्रम हमारी वेबसाइट NEWS ON AIR DOT GOV DOT IN और हमारे यूटयूब चैनल NEWS ON AIR OFFICIAL पर भी उपलब्ध होगा।

विधानसभा सत्र

राज्य विधानसभा का मानसून सत्र 19 अगस्त से 22 अगस्त तक गैरसैंण के भराड़ीसैंण में आहूत किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने बताया कि इस बार भराड़ीसैंण में सत्र पूरी तरह सुव्यवस्थित और तकनीकी रूप से उन्नत होगा। पत्रकारों से बातचीत में श्रीमती भूषण ने कहा कि इस बार मानसून सत्र न केवल विषयवस्तु की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि तकनीकी दृष्टि से भी इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास किया गया है।

मानसून सत्र के दौरान राज्य सरकार सदन में कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश कर सकती है, वहीं विपक्ष भी सरकार को घेरने की रणनीति बना रहा है।

वृक्षारोपण

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत एक फलदार पौधे का रोपण किया।

इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल है, बल्कि मां के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक अनूठा माध्यम भी है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान भावनात्मक जुड़ाव और पर्यावरणीय चेतना का सुंदर संगम है।

कांवड़ यात्रा

सावन माह की कांवड़ यात्रा को लेकर शिव भक्तों में काफी उत्साह है। प्रतिदिन लाखों कांवड़िये गंगा घाटों पर स्नान कर गंगाजल लेकर अपने गंतव्यों की ओर लौट रहे हैं। इसी क्रम में ग्रेटर नोएडा से आया पांच कांवड़ियों का एक जत्था ऋषिकेश में गंगा स्नान कर गंगाजल लेकर नीलकंठ महादेव के लिए रवाना हुआ। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जगह–जगह लगाई गई पुलिस कैनोपी से उन्हें यात्रा मार्ग की सही जानकारी दी गई। कांवड़ियों ने बताया कि कांवड़ियों के लिए भोजन, स्वास्थ्य सुविधाएं, शौचालय व अन्य सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। इस अवसर पर उन्होंने कांवड़ यात्रा पर आने वाले कांवड़ियों से अनुरोध किया कि वे यातायात नियमों का पालन कर कांवड़ यात्रा को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

रक्षाबंधन

आगामी 9 अगस्त को देशभर में भाई–बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाएगा। रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए बाजारों में राखियों की खरीददारी शुरू हो गई है। रक्षाबंधन पर राज्य में स्वयं

सहायता समूहों की महिलाएं हस्तनिर्मित राखियां बनाकर अपनी आजीविका को मजबूत कर रही हैं। इसी क्रम में बागेश्वर रेडक्रॉस स्वयंसेवियों ने रक्षाबंधन के पावन पर्व से पहले देश की सीमाओं पर तैनात भारतीय सेना के जवानों के लिए एक विशेष राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में जिले की 150 से अधिक स्थानीय महिलाओं व बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने हाथों से 500 से अधिक राखियां बनाईं। कार्यक्रम संयोजक राजेश्वरी कार्की ने कहा कि यह सिर्फ एक राखी नहीं, भावनाओं की एक डोर है जो देश के वीर जवानों तक पहुंचेगी और उन्हें यह एहसास कराएगी कि वे अकेले नहीं हैं।

कैलाश मानसरोवर यात्रा

भाजपा की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान घायल हो गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार तिब्बत के दारचिन क्षेत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री घोड़े से गिरकर घायल हुई, जिससे उनकी कमर में गंभीर चोट आयी है। यात्रा के बीच में ही उन्हें भारत लाया गया। उच्च हिमालई क्षेत्र में मौसम खराब होने के चलते हेलीकॉप्टर की सेवा नहीं ली जा सकी और उन्हें सड़क मार्ग से ही धारचूला लाया जा रहा है।

मौसम

और अब एक नज़र मौसम पर...... राजधानी देहरादून समेत राज्य के अधिकांश ज़िलों में दिन भर बादल छाए रहे, जबकि उत्तरकाशी, चंपावत और राज्य के अनेक हिस्सों पर शाम से हल्की बूंदाबांदी हो रही है।

इस बीच, देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले 24 घंटों के लिए देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर ज़िलों में कुछ जगहों पर बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर की रफ़्तार से तेज़ हवाएँ चलने का भी अनुमान है। बाकी ज़िलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

विभाग ने अगले पाँच दिनों तक राज्य में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए सभी ज़िला प्रशासन को अलर्ट रहने और ज़रूरत पड़ने पर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है।

वहीं, चारधाम जाने वाले सभी मार्ग यातायात के लिए सुचारू हैं और तीर्थयात्रा निर्बाध रूप से जारी है।